**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक- 10.07.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम। नये कानूनों में महिलाओं को प्रदान किये गये अधिकारों की भी दी गई जानकारी...।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 10.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं यथा- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त उनके साथ किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उनकी सहायतार्थ नये कानूनों में महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति उनके अधिकारों की भी जानकारी प्रदान की गयी है साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी व उनके प्रयोग के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया एवं साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये जाने के बारे में भी बताते हुए जागरुक किया जा रहा है।






## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 10.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं को लेकर आये उन सभी की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाये जाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में सभी अधीनस्थों को निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर पर हो सकता है उन सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण थाना स्तर पर ही कराना सुनिश्चित किया जाये किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये; सभी से सम्मान पूर्वक बर्ताव किया जाये, निर्देशित किया गया कि घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी ।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 10.07.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 10.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक- 10.07.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात प्रभारी द्वारा चलाया गया विशेष अभियान, स्कूली छात्रों को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने तथा जनपदवासियों में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता के उद्देश्य से प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 10.07.2024 को प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही स्कूली छात्रों द्वारा यातायात नियमों के प्रति अनदेखी किये जाने के दृष्टिगत उनको यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने के उद्देश्य से ऐसे स्कूली छात्र जो बिना हेलमेट पहने हुए तथा तीन सवारी के साथ अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करते पाये गये ऐसे छात्रों की जीवनरक्षा को ध्यान में रखकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित छात्रों को यातायात नियमों के साथ छेडछाड़ न किये जाने व यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी साथ ही कुछ छात्रों के परिजनों को मौके पर बुलाकर भविष्य में ऐसी गलती न करने की सलाह दी गयी है। प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि शहर में गतिमान यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी।





## थाना कबरई की पुलिस टीम ने
## अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में दिनांक 09.07.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह कां0 नरेन्द्रबाबू के द्वारा 01 नफर अभियुक्त अमन विश्वकर्मा पुत्र ओमप्रकाश उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम रामसारी थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर हालपता ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा के कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में 22 क्वार्टर देशी शराब झूम बरामद करते हुए ग्राम भैस्तामाफ थाना कबरई से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 181/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गयी ।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अमन विश्वकर्मा पुत्र ओमप्रकाश उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम रामसारी थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर हालपता ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्रबाबू



# थाना कबरई की पुलिस टीम ने
# अवैध शराब के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों को कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, परिवहन की रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.07.2024 को श्री सत्यम्, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह कां0 नरेन्द्र बाबू के द्वारा 01 नफर अभियुक्त लालजी पुत्र राम कृपाल उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम सिंघनपुर बघारी थाना कबरई से 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 182/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गयी ।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

लालजी पुत्र राम कृपाल उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्र बाबू



## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने युवती के साथ जबरन छेड़छाड़ की घटना कारित करने, वीडियो बना लेने व वायरल करने के नाम पर वसूली करने वाले 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.07.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 दिनेश तिवारी मय हमराह हे0कां सुमित कुमार यादव व कां रवि कुमार पटेल, द्वारा थाना स्थानीय पर पंजकृत मु0अ0सं 221/2024 धारा 76/115(2)/308(5)/333/351(3)/317(2) भा0न्या0 संहिता 2023 व 3(2)(5)/ 3(2)5(क), 3(1)(ब)(1) एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 02 नफर वाछिंत अभियुक्तगण क्रमशः 1. राहुल राजपूत पुत्र देशपत राजपूत उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बगवाहा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा, 2. प्रवेन्द्र राजपूत पुत्र सुखसिंह राजपूत उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम बगवाहा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को मुढारी रोड फायर ब्रिगेड थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा के पास नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त राहुल राजपूत उपरोक्त के कब्जे से बरामद मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वसूले गये 500 रुपये नगद एंव पीडिता के अश्लील बीडियो/ फोटो बनाने में प्रयुक्त एक अदद मोवाइल एन्ड्राइड REAL ME NARZO X 60 रंग काला तथा अभियुक्त प्रवेन्द्र उपरोक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 500 रुपये नगद बरामद हुआ जिसको कब्जा पुलिस में लिया गया। अभियुक्तों के पास से बरामद हुए मोबाइल में घटना से सम्बन्धित वीडियो भी बरामद हुआ है, जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 67 I.T. एक्ट की बढोत्तरी की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. राहुल राजपूत पुत्र देशपत राजपूत उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बगवाहा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2. प्रवेन्द्र राजपूत पुत्र सुखसिंह राजपूत उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम बगवाहा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 दिनेश तिवारी
2. हे0कां सुमित कुमार यादव
3. कां रवि कुमार पटेल,



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 10.07.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निशमन अधिकारी द्वारा रिफ्रेशर कोर्स कर रहे पीआरवी कर्मियों को विभिन्न अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु दिया गया प्रशिक्षण-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में संचालित यूपी 112 पीआरवी वाहनों में नियुक्ति के लिये पुलिस कर्मियों को रिफ्रैशर कोर्स के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 10.07.2024 को प्रभारी अग्मिशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी द्वारा पुलिस कर्मियों को आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्र चलाने के तरीकों को बताया गया एवं विभिन्न अग्नि दुर्घटना से बचाव के तरीकों को बताया गया है। जानकारी देते हुए बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबरायें नहीं बल्कि हिम्मत से काम लेकर किसी भी परिस्थिति में सिखलायें गये तरीके से आपदा पर काबू पाया जा सकता है।

